01/08/2024

आकाशवाणी ईटानगर

सुप्रीम कोर्ट ने आज अपने फैसले में कहा कि राज्य विधायकों द्वारा अनुसूचित जातियों (एससी) और अनुसूचित जनजातियों (एसटी) के भीतर उप-वर्गीकरण की अनुमति है। भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने अपने फैसले में ऐतिहासिक साक्ष्यों का हवाला दिया और सुझाव दिया कि अनुसूचित जातियाँ एक समरूप वर्ग नहीं हैं। उन्होंने कहा कि इसका उप-वर्गीकरण संविधान के अनुच्छेद चौदह का उल्लंघन नहीं करता है और अनुच्छेद पंद्रह और सोलह राज्य को किसी जाति को उप-वर्गीकृत करने से नहीं रोकते हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने छह एक के बहुमत से दो हजार चार के ईवी चिन्नैया फैसले को खारिज कर दिया है।

0000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट के हवाले से बताया कि राज्य सरकार नौ और उससे ऊपर के लेवल और आठ और उससे नीचले स्तर के कर्मचारियों के लिए कठिन स्थान भत्ता में पच्चीस प्रतिशत का इजाफा किया है। लेवल नौ और उससे ऊपर के कर्मचारियों को कठिन स्थान भत्ते के तौर पर छह हजार छह सौ पच्चीस और लेवल आठ और उससे नीचे के कर्मचारी को पांच हजार एक सौ पच्चीस रुपये मिलेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि टीम अरुणाचल के सदस्य राज्य की संपत्ति है। उन्होंने कहा कि राज्य के विकास और जीवन जीने को आसान बनाने में वे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार कि यह जिम्मेदारी बनती है कि वे इन कर्मचारियों का ख्याल रखे ताकि वे राज्य और राज्यवासियों की सेवा करते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ देना जारी रखे।

0000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू और उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने कल नई दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सितारामण से मुलाकात की। अपने सोशल मीडिया पोस्ट में इस बात को साझा करते हुए श्री खांडू ने कहा कि मुलाकात के दौरान अरुणाचल प्रदेश के आगामी परियोजनाओं पर विचार-विमर्श किया गया। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री के समक्ष अरुणाचल प्रदेश में भारतीय स्टेट बैंक की क्षेत्रीय कार्यालय की स्थापना करने की जरुरत पर भी सोच विचार करने का अनुरोध किया गया। श्री खांडू और श्री मैन ने प्रदेश में बुनियादी ढांचों के विकास के लिए केंद्र से लगातार सहायता और समर्थन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सौंपे ज्ञापन की प्रति केंद्रीय वित्तमंत्री के साथ भी साझा किया।

0000000000000000000000

आवास एवं शहरी मामलों के राज्य मंत्री तोखन साहू ने आज लोकसभा में एक लिखित उत्तर में बताया कि इस महीने की बारह तारीख तक एक लाख चौसठ हजार दो सौ तेईस करोड़ रुपये की लागत वाली आठ हजार सोलह परियोजनाओं में कार्य आदेश जारी किए गए, जिनमें से सौ शहरों से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार एक लाख पैतालीस हजार तिरासी करोड़ रुपये की लागत वाली सात हजार दो सौ अट्ठारह परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं।

स्मार्ट सिटी मिशन के तहत स्मार्ट कक्षाओं और डिजिटल पुस्तकालयों पर पूरी की गई परियोजनाओं के शहरवार विवरण में अरुणाचल प्रदेश की तीन परियोजनाएँ भी शामिल हैं, यानी ईटानगर के पाँच स्कूलों में पांच दशमलव छह करोड़ रुपये की लागत वाली अट्ठाईस स्मार्ट कक्षाएँ, आठ दशमलव नौ एक करोड़ रुपये की लागत वाली ईटा किला, राज्य संग्रहालय और पुस्तकालय भवन की मरम्मत और एक दशमलव पांच करोड़ रुपये की लागत वाली जिला पुस्तकालय और बच्चों का ई-लर्निंग केंद्र।

00000000000000000000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली में अपने वियतनामी समकक्ष फाम मिन्ह चीन्ह के साथ वार्ता की। वार्ता के बाद, दोनों नेताओं ने वियतनाम के न्हा ट्रांग में दूरसंचार विश्वविद्यालय में भारत-वियतनाम सहयोग से निर्मित आर्मी सॉफ्टवेयर पार्क का वर्चुअल उद्घाटन किया। दोनों पक्षों ने सीमा शुल्क क्षमता निर्माण, कृषि अनुसंधान और शिक्षा, समुद्री विरासत, औषधीय पौधों और कानूनी क्षेत्र में सहयोग के लिए समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए और उनका आदान-प्रदान किया। प्रसार भारती और वॉयस ऑफ वियतनाम ने रेडियो और टेलीविजन में सहयोग के लिए भी समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान किया है। इसके अलावा, दोनों पक्षों ने क्रेडिट लाइन समझौते और वियतनाम में माइसन यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल के जीर्णोद्धार पर भी समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान किया।

000000000000000000000

मौसम विभाग ने मॉनसून में पूरे देश में बारिश होने का पुर्वानुमान लगाया है। वहीं मौसम विभाग केंद्र ईटानगर ने अनुमान लगाया है कि प्रदेश के दस जिले येलो एलर्ट जोन में है। ईस्ट कामेंग, वेस्ट कामेंग, लोअर सुबनसिरी, अपर सुबनसिरी, पाके केसांग, पापुम पारे, वेस्ट सियांग, सियांग, शी-योमी और लेपारादा के अलग-अलग स्थानों पर बिजली गिरने के साथ - साथ आंधी चलने की संभावना है।

0000000000000000

ईस्ट सियांग जिला उपायुक्त सह जिला सतर्कता समिति अध्यक्ष ताई ताग्गू ने कल पासीघाट में हाथ से मैला दोने वाले के रुप में रोजगार पर रोक लगाने को अमल में लाने और उनके पुर्नवास अधिनियम दो हजार तेरह के मद्देनजर एक बैठक का आयोजन किया। श्री ताग्गू ने सभी हितधारको से समयबद्ध सर्वेक्षण कर सब-डिविजनल और जिला स्तर पर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया। उन्होंने एक गरिमापूर्ण जीवन के लिए विभिन्न आजिविका योजनाओं के तहत कौशल विकास और सहायता के लिए समर्थन बढ़ाने का भी आग्रह किया। बैठक में समिति ने ईस्ट सियांग जिले के लिए सर्वे हाउस समिति और रुकसिन और मेबो में सब-डिविजन सतर्कता समितियाँ गठित करने का भी संकल्प लिया।

0000000000000

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने आज लोकसभा में आपदा प्रबंधन (संशोधन) विधेयक दो हजार चौबीस पेश किया। विधेयक में आपदा प्रबंधन अधिनियम, दो हजार पांच में संशोधन करने का प्रावधान

है। विधेयक का उद्देश्य राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरणों के कुशल कामकाज को मजबूत करना है। विधेयक में राज्य की राजधानी और नगर निगमों वाले बड़े शहरों के लिए शहरी आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के गठन का प्रावधान है। इसमें राज्य सरकार द्वारा राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल के गठन का भी प्रावधान है।

0000000000000000000

उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा आज से मूल्य निगरानी के अंतर्गत लगभग सोलह अतिरिक्त वस्तुओं को शामिल किया गया है। केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रल्हाद जोशी ने आज मूल्य निगरानी प्रणाली-पीएमएस मोबाइल ऐप संस्करण 4.0 को लॉन्च करते हुए यह बात कही। दैनिक मूल्य निगरानी के अंतर्गत खाद्य पदार्थों के कवरेज में वृद्धि, खाद्य पदार्थों में मूल्य अस्थिरता को स्थिर करने और समग्र मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए नीतिगत हस्तक्षेप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। पहले इसके अंतर्गत बाइस वस्तुएं शामिल थीं।

000000000

दो हजार चौबीस पेरिस ओलंपिक में, निशानेबाज स्वप्निल कुसाले ने आज पुरुषों की पचास मीटर राइफल तीन पोजीशन शूटिंग प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता। बैडमिंटन में, लक्ष्य सेन ने पुरुष एकल मुकाबले में एचएस प्रणय को इक्कीस-बारह, इक्कीस - छह से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।